हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 4 नवंबर, 2025

12 जो बोले सो निहाल, शत श्री अकाल के जयकारों से...



12 नशा नाश की जड़, पीकर न चलाएं गाड़ी, नियमों का...



**खबर संक्षेप**

### थाना सिवानी पुलिस ने उद्घोषित आरोपी पकड़ा

**भिवानी।** पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार के द्वारा जिला पुलिस को जिले के विभिन्न थानों में दर्ज अभियोग में फरार चल रहे उदघोषित आरोपियों को विशेष अभियान चलाकर गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए। इन्हीं निर्देशों के तहत कार्रवाई कर थाना सिवानी पुलिस ने एक उदघोषित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना सिवानी के सहायक उपनिरीक्षक रमेश कुमार ने गत दो नवंबर को 138 एनआई एक्ट के तहत दर्ज अभियोग में फरार चल रहे उदघोषित आरोपी को अजीतपुरा भादरा से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

### लंबित मांगों को लेकर संघ का प्रदर्शन छह को

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ जिला भिवानी की मीटिंग सोमवार को चौधरी सुरेंद्र सिंह मैमोरियल पार्क में हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव सुमेर आर्य ने किया। इस दौरान बैठक में निर्णय लिया कि शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर 6 नवंबर को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा और अतिरिक्त मुख्य सचिव शिक्षा विभाग हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। आर्य ने कहा कि अध्यापकों के एसीपी, एलटीसी, चिकित्सा प्रतिपूर्ति, सीसीएल, जीपीएफ जैसे मामलों का लंबे समय से निपटारा नहीं हुआ है। उन्होंने अतिथि अध्यापक व एचकेआरएन के तहत लगे शिक्षकों को नियमित करने व खाली पदों पर भर्ती की मांग की।

### प्रदर्शनकारियों ने पदोन्नति सूची तुरंत प्रभाव से जारी करने की उठाई मांग

*अफसरों से कई बार शिकायत के बाद भी नहीं हुआ समाधान*

# सुपरवाइजरों ने लंबित मांगों को लेकर किया धरना-प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन





**भिवानी।** महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय के बाहर धरने के दौरान नारेबाजी करती सुपरवाइजर और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी को ज्ञापन सौंपती सुपरवाइजर। फोटो : हरिभूमि

*संगठन बातचीत के माध्यम से समाधान करवाने को विभाग को लिख चुका है पत्र*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

सुपरवाइजर की विभिन्न मांगों को लेकर आईसीडीएस सुपरवाइजर वेलफेयर एसोसिएशन की तरफ से यूनियन की प्रधान सुपरवाइजर कुसुम मलिक के नेतृत्व में तोशाम में खंड स्तर पर गेट मीटिंग करके महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया कि सुपरवाइजर संगठन की बहुत सी मांगे पिछले काफी समय से लंबित है तथा संगठन बातचीत के माध्यम से समाधान करवाने को विभाग को पत्र भी लिख चुका है। इसके बावजूद बार-बार लिखित और मौखिक अनुरोध भी किया जा चुका, जिससे सभी सुपरवाइजर में काफी रोष है। सुपरवाइजर ने बताया कि जिन दो सुपरवाइजर की पदोन्नति सूची विभाग ने रोकी है, वह सूची तुरंत प्रभाव से जारी की जाए। इसके अलावा एसएनपी सप्लाई आज के समय में सुपरवाइजर द्वारा ट्रैकों में बैठकर करवाना बेहद सुरक्षित एवं दुष्कर है, ये पूर्णतया सप्लायर की जिम्मेदारी से करवाई जाए। मेवात में कार्यरत सुपरवाइजर को अध्यापकों की तर्ज पर 10000 रुपये प्रतिमा मेवात भत्ता दिया जाए, सैंकड़ों सुपरवाइजर जो घर से 10 साल से भी अधिक समय से बाहर हैं, उनका ट्रांसफर जल्द से जल्द किया जाए। जिला व ब्लॉक स्तर पर सुपरवाइजर से उसकी पोस्ट से अतिरिक्त कार्य ने करवाया जाए, बहुत से ब्लॉक में सुपरवाइजर को प्रतिदिन 2 से 5 बजे तक ऑफिस आने के आदेश दिए जाते हैं, जो न्यायसंगत नहीं है। कर्मी व हेल्पर के खाली पद जल्द भरे जाएं, क्योंकि ऑनलाइन काम बहुत ज्यादा है, वहीं नई सुपरवाइजर की इंक्रीमेंट लगाने में काफी जिलों के अलग-अलग ब्लॉक में टालमटोल की जा रही है। उक्त मांगों का जल्द से जल्द समाधान किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि उक्त मांगे जल्द पूरी नहीं होती तो संगठन को संघर्ष का रास्ता अपना कर मजबूरन आंदोलन के लिए उतरना पड़ रहा है।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर सुपरवाइजर पूनम, सुपरवाइजर कुसुम मलिक, सुपरवाइजर पंकज, सुपरवाइजर सुशील बाला, सुपरवाइजर प्रीति, सुपरवाइजर मनोज व सुपरवाइजर रश्मि आदि मौजूद थी।

### ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**भिवानी।** तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते संगठन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

- संगठन ने बाढ़ व जलभराव से बचाव, पानी की निकासी व पीड़ितों के पुनर्वास की उठाई मांग

**बवानीखेड़ा।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के प्रतिनिधिमण्डल ने बाढ़ व जलभराव से बचाव, पानी की निकासी और बाढ़ पीड़ितों के पुनर्वास को लेकर ज्ञापन तहसीलदार बवानीखेड़ा को सौंपा। संगठन ने गत 13 अक्टूबर को भी तहसीलदार के नाम उक्त मांगों को लेकर ज्ञापन दिया था, लेकिन आज तक सरकार ने कोई राहत प्रदान नहीं की। इस मौके पर किसान संगठन के जिला प्रधान रोहतास सिंह सैनी ने बताया कि अतिवृष्टि और बाढ़ के कारण बवानी खेड़ा तहसील सहित भिवानी जिला के किसान-मजदूरों को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि बहुत सारे गांव बाढ़ से प्रभावित हैं, खेत डूब गए हैं, घर ढह गए या क्षतिग्रस्त हो गए, जमीन धंस गई और फसलें नष्ट हो गई, सड़कें टूट गई हैं। इसके बावजूद सरकार किसान-मजदूरों की कोई सुध नहीं ले रही है, जिससे उनमें काफी रोष व्याप्त है और वे भविष्य को लेकर चिंतित हैं। संगठन के जिला प्रधान ने बताया कि गत 13 अक्टूबर को पहले भी प्रदर्शन कर तहसीलदार को मांग पत्र दिया था, लेकिन कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। प्रतिनिधिमंडल के सदस्य फूलचंद सैनी, महेंद्र सिंह कटारिया व जंगबीर ने बताया कि पूंजीवादी विकास मॉडल के कारण बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग, पहाड़ी राज्यों में प्रकृति-विरोधी कॉर्पोरेट विकास मॉडल के कारण प्रकृति से छेड़छाड़ से जलवायु परिवर्तन, बादल फटने और बाढ़ की घटनाएं आने वाले वर्षों में मानव समाज के सामने एक नई चुनौती खड़ी कर रही हैं। इसी के कारण आज हमारे भिवानी जिला की भी समस्या बढ़ रही है और सरकार आंखें बंद किये हुए है। इस मौके पर किसान सगठन के सदस्य गुलाब नेहरा ओमप्रकाश बोहल ने बताया कि हांसी तोशाम सड़क के नीचे से होकर दो ड्रेनें गुजरती है। एक सामण भिवानी ड्रेन, जो धनाना से आगे चलकर चौधरीवास गांव में जाती है और दूसरी ड्रेन सोरखी गढ़ी कुंगड खेड़ी से मिलकर बनती है, ये दोनों ड्रेन चौधरीवास गांव में जाकर एक हो जाती है। इन्हें आगे बढ़ाकर राजस्थान के सूखाग्रस्त क्षेत्र तक ले जाना चाहिए या अतिरिक्त पानी ट्यूबवैलो के जरिए सिपेज किया जाना चाहिए। यहां हर किसान को जलभराव से मुक्ति मिलेगी।



**भिवानी।** डीईओ को ज्ञापन सौंपते शारीरिक शिक्षक।

### लंबित मांगों को लेकर शारीरिक शिक्षकों ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन

- नेशनल खेलों में सभी पीटीआई व डीपीई की ड्यूटी लगाने की उठाई मांग

**भिवानी।** हरियाणा शारीरिक शिक्षक एसोसिएशन की भिवानी इकाई ने अपनी विभिन्न लंबित और नई मांगों को लेकर सोमवार को भिवानी की जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. निर्मल दहिया को मांगपत्र सौंपा। एसोसिएशन ने शिक्षा विभाग से शारीरिक शिक्षकों के हितों से जुड़ी महत्वपूर्ण मांगों पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करने का आग्रह किया है। एसोसिएशन के जिला प्रधान कुलदीप महला व जिला उपप्रधान देवेंद्र अत्री ने बताया कि मांगपत्र के माध्यम से एसोसिएशन ने मांग की है कि वर्ष 2023 व इससे पहले नियुक्त हुए सभी डीपीई को उनकी सेवा शर्तों के अनुसार तुरंत स्थायी किया जाए, आगामी खेलों को देखते हुए सभी डीपीई और पीटीआई की ड्यूटी खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने की मांग की। उन्होंने कहा कि डीपीई व पीटीआई दोनों पदों के लिए स्थानांतरण नीति में अलग-अलग स्टेशन व पद सृजित किए जाएं, क्योंकि दोनों की पोस्ट अलग-अलग हैं, इसलिए उनकी पोस्टिंग और स्थानांतरण प्रक्रिया को भी अलग रखा जाना चाहिए, वर्ष 2000 के बाद नियुक्त हुए पीटीआई की लंबित वरिष्ठता सूची को जारी करने और उसके आधार पर पदोन्नति लिस्ट जारी करने की मांग की है, ताकि उन्हें उनके हक का लाभ मिल सके, वर्ष 2023 में सृजित हुई नई डीपीई और पीटीआई की पोस्ट को तुरंत एमआईएस पोर्टल पर अपडेट किया जाए।

*बैंक ऋण स्थगन, ब्याज माफी तथा निजी बसों में वरिष्ठ नागरिकों व छात्रों को छूट देने की उठाई मांग*

## किसान सभा ने समाधान शिविर में उठाए किसानों के बैंक ऋण स्थगित करने के मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** ज्ञापन सौंपते जाते किसान सभा के पदाधिकारी व किसान।

अखिल भारतीय किसान सभा भिवानी ने जिला में भारी बारिश, जलभराव व बाढ़ पीड़ित किसानों की खरीफ फसल बर्बाद होने पर बैंक ऋणों की वसूली स्थगित करने, ब्याज माफ करने व प्राईवेट बसों में वरिष्ठ नागरिकों व छात्रों की छूट जारी रखने की मांगों को लेकर उपायुक्त समाधान शिविर में मुद्दों को उठाया। समाधान शिविर में शिकायत दर्ज करवाते हुए किसान सभा के जिला उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश व जिला संयुक्त सचिव डॉ. बलबीर ठाकन ने कहा कि जिले में इस वर्ष लगातार व भारी बारिश होने से 60-70 प्रतिशत खरीफ फसलें नष्ट हो गई हैं तथा जलभराव व बाढ़ प्रभावित गांवों में शत प्रतिशत फसलें नष्ट हो गई, फिर भी बैंक किसानों को ऋण व ब्याज भुगतान के लिए कानूनी नोटिस भेज रहे है। उन्होंने कहा कि किसान अब इस हालत में नहीं हैं कि वे ऋण ब्याज समेत लौटा सके। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार प्राकृतिक आपदा में बकाया ऋण को स्थगित किया जाए तथा ऋण ब्याज की माफी की जाए।

**रोडवेज में मिले छूट**

वहीं प्राईवेट लिमिटेड बसों में वरिष्ठ नागरिकों व छात्र-छात्राओं के लिए सरकारी बसों की तरह छूट मिलती हैं, उन्होंने बंद कर दी और पूरा किराया लेते है, अन्यथा उन्हें बसों से उतार दिया जाता है या सवारियों से मार पिटाई व झगड़ा करते है। रोडवेज को भी छुट की सुविधा के लिए बस अड्डों पर बोर्ड लगाने चाहिए। इस अवसर पर किसान नेता सुबेदार धनपत औबरा, मीर सिंह, मुकेश साहलेवाला, श्रीचंद, मंदरूप व रामसिंह शामिल रहे।

*कर्मचारियों के प्रति हठधर्मिता छोड़ मांगें माने शिक्षा बोर्ड प्रशासनः कर्मचारी*

## उत्तरपुस्तिका मुद्रण प्रणाली के विरोध में शिक्षा बोर्ड कर्मचारियों ने जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के कर्मचारी संगठन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व तृतीय श्रेणी कर्मचारी संगठन संबद्ध कर्मचारी महासंघ ने संयुक्त रूप से सोमवार को शिक्षा बोर्ड परिसर में द्वारसभा की। द्वार सभा की अध्यक्षता संयुक्त रूप से संगठन के प्रधान सत्यवीर सिंह स्वामी एवं जितेंद्र दलाल ने की तथा मंच संचालन महासचिव सोमवीर सिंह पूनिया ने किया। इसके अलावा सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सुरजभान जटासरा, बिजली निगम से सर्कल सचिव अशोक गोयत, भिवानी ब्लॉक के प्रधान सुशील आलमपुर सहित सकसं के अनेक नेता उपस्थित रहे। द्वार सभा में महासचिव सोमवीर सिंह ने बताया कि संगठन द्वारा बार-बार मांग उठाने के बावजूद बोर्ड प्रशासन मांग मानने की बजाय उल्टा उनकी जायज आवाज को दबाने की कोशिश कर रहा है। बोर्ड प्रशासन ने मुद्दों का हल करने की बजाय संगठन के एक नेता का तबादला द्वेष भावना से फरीदाबाद स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में किया हैं। प्रशासन की ओच्छी हरकत को लेकर तमाम कर्मचारियों में काफी रोष है।



**भिवानी।** शिक्षा बोर्ड में गेट मीटिंग के दौरान विरोध जताते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**प्रशासन पर हठधर्मिता का आरोप**

शिक्षा बोर्ड प्रशासन कर्मचारियों के प्रति अपनी हठधर्मिता छोड़े व उनकी मांगों को मानकर राहत दें। साथ ही बोर्ड प्रशासन को चेतावनी जारी करते हुए कहा कि प्रशासन हठधर्मिता छोड़ संस्थाहित की मांगों को नहीं मानता तो वे संघ शिक्षा बोर्ड कर्मचारियों के साथ मिलकर आंदोलन की राह अपनाने पर मजबूर होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी बोर्ड प्रशासन की होगी। इस अवसर पर वरिष्ठ उपप्रधान देवेन्द्र श्योराण, जोगेंद्र, सुरेश चौहान, रविंद्र, अरविन्द, भारतदीप, कुलविंद्र, अशोक लांबा, संदीप शर्मा, संदीप जांगड़ा, अरूण, अमनदीप, मंजीत, सत्येन्द्र व कुलदीप आदि उपस्थित रहे।

*पुलिस टीम ने आरोपी से चोरी की स्कूटी की बरामद*

## गांव अजीतपुर से स्कूटी चोरी का आरोपी किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार के द्वारा जिला पुलिस को जिले में वाहन चोरी करने वाले आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर ऐसे आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी पुलिस कार्रवाई अमल में लाए जाने के निर्देश दिए हुए हैं, जो इन्हीं निर्देशों के तहत कार्रवाई करते हुए थाना सदर पुलिस ने गांव अजीतपुर से स्कूटी चोरी करने के मामले में एक आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। श्यामलाल निवासी अजीतपुर ने थाना सदर पुलिस भिवानी को शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बतलाया कि गत 21 अक्टूबर की रात को उन्होंने अपनी स्कूटी को घर के बाहर खड़ा किया हुआ था, जो सुबह देखने पर पाया तो चोर घर के सामने से स्कूटी को चोरी करके ले गए थे, जो शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना सदर भिवानी में दर्ज किया था। गत दो नंवबर को अभियोग में प्रभावी कार्रवाई करते हुए थाना सदर भिवानी के मुख्य सिपाही पवन कुमार ने गांव अजीतपुर से रात के समय स्कूटी चोरी करने के मामले में एक आरोपी को निनान बाईपास भिवानी से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए आरोपी की पहचान अनिल पुत्र पवन कुमार निवासी अजीतपुर जिला भिवानी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी से चोरी की स्कूटी को बरामद की। आरोपी ने स्कूटी की पहचान छुपाने के लिए उसकी नंबर प्लेट तोड़ दी थी।

## किसानों के विरोध से खावा-ईशरवाल में हाईटेंशन तार का काम रूका

- खेतों में जबरदस्ती हाईटेंशन बिजली के तार बिछाने का किसानों ने किया विरोध, रूकवाया काम
- सरकार निजी कंपनियों के साथ मिल किसानों की जमीन पर डाल रही डाका : खरेटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** खेतों में हाइटेंशन तार बिछाने का विरोध करते किसान।

क्षेत्र के किसानों ने अपने खेतों में जबरदस्ती हाईटेंशन बिजली के तार बिछाने और गड्ढे खोदने के खिलाफ सोमवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया, जिसके कारण कार्य को तुरंत बंद करना पड़ा। क्लीनमैक्स कंपनी द्वारा गांव ईशरवाल के खेतों से हाईटेंशन तार बिछाए जा रहे थे, जिसे लेकर किसानों में भारी आक्रोश था। किसानों ने बताया कि कंपनी द्वारा बिना उचित सहमति और मुआवजे के उनके निजी खेतों में काम किया जा रहा था। सबसे गंभीर मामला गांव खावा से ईशरवाल तक लाइन खींचने का सामने आया, जहां रमेश के खेत में सरसों की खड़ी फसल को नुकसान पहुंचाते हुए जेसीबी से हाईटेंशन टावर लगाने के लिए गड्ढे खोदे जा रहे थे। अवैध कार्रवाई की सूचना मिलते ही ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के पदाधिकारी और आस-पास के किसान भारी संख्या में मौके पर पहुंचे और काम को तुरंत रोक दिया। मोर्चा के युवा प्रदेश अध्यक्ष युद्धवीर मंगल सिंह खरेटा ने कहा कि यह सीधे-सीधे किसानों की जमीन पर डाका है। कंपनियों को ये अधिकार किसने दिया कि वे किसानों की खड़ी फसल को रौंद कर बिना किसी पूर्व सूचना या उचित मुआवजे के उनके खेतों में जबरदस्ती हाईटेंशन तार बिछा दें। खरेटा ने कहा कि पुलिस प्रशासन का काम कानून व्यवस्था बनाए रखना है, न कि निजी कंपनियों के लिए किसानों पर दबाव बनाना।

**दी चेतावनी**

युद्धवीर मंगल सिंह खरेटा ने चेतावनी दी कि किसानों की सहमति और नियमानुसार उचित मुआवजा दिए बिना कोई भी कार्य दोबारा शुरू करने की कोशिश की गई तो ग्राम स्वराज किसान मोर्चा बड़ा किसान आंदोलन शुरू करने से पीछे नहीं हटेगा। इस अवसर पर सुशील, अमरजीत, संदीप, मुकेश बंसल बीडीसी, मुकेश सेठ, सचिन राव, महेंद्र, कर्ण सिंह जैनावास, राजेश सिहाग, पवन बूरा, विनोद ईशरवाल, लीला ईशरवाल, युवराज, साधुराम, काला, मनीष ईशरवाल सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

**नुकसान** बोई गई सरसों, गेहूं, मेथी व सब्जियों की फसल हुई बर्बाद, किसानों को भारी नुकसान

# झुप्पा डिस्ट्रीब्यूटरी टूटने से सैंकड़ों एकड़ भूमि जलमग्न

- उपमंडल अधिकारी पीड़ितों को दिया भरपाई का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा



**भिवानी।** गांव लाड के पास टूटी झुप्पा डिस्ट्रीब्यूटरी से बहता पानी।

गांव लाड के समीप से गुजरने वाली झुप्पा डिस्ट्रीब्यूटरी सुबह टूटने से वहां पर बोई गई सैंकड़ों एकड़ भूमि जलमग्र हो गई, जिससे किसानों को लाखों रुपये का खाद बीज का नुकसान हुआ है। वहीं घटना के छह घंटे बाद पहुंचकर सुध लेते हुए पानी बंद करवा कर टूटे हिस्से को नवीनीकरण शुरु किया। मौके पर पहुंचे उपमंडल अधिकारी ने पीड़ित किसानों को आश्वासन दिया कि उनके नुकसान की भरपाई करवाई जाएगी। चरखी दादरी से राजस्थान सीमा के टेल तक पानी पहुंचाने वाली गांव लाड के समीप से गुजरने वाली झुप्पा डिस्ट्रीब्यूटरी सुबह के समय एक हिस्सा टूटने से वहां पर बोई गई सैंकड़ों एकड़ भूमि जलमग्र हो गई। इससे मौजूदा समय में चल रही सरसों, गेहूं बिजाई करने वाले किसानों को लाखों रुपये का खाद बीज का नुकसान हुआ है। किसानों ने नहर टूटने की जानकारी सिंचाई विभगा के उच्चाधिकारियों को दी तो उन्होंने भी इसे ज्यादा गंभीरता से लेने की बजाय दिन में ठीक करवाने का बात कही, जिस पर किसानों का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया और उन्होंने एकत्रित होकर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसानों ने पानी के बढ़ते स्तर को रोकने के लिए खुद के ट्र1टरों से मिट्टी की बड़ी मेढ तैयार कर दी। किसानों के रोष की जानकारी मिलने के बाद नहर टूटने की घटना के छह घंटे बाद विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर सुध लेते हुए पानी बंद करवाया।

**मौके पर अफसर, किया समाधान**

वहीं नहर विभाग व प्रशासन सारे मामले व उनके नुकसान को अनसुना कर रहा है। किसानों ने कहा कि उनके रोष के बाद विभाग जेसीबी व ट्रेक्टर लेकर पहुंचे तथा अब जाकर नहरी पानी की आपूर्ति बंद हो पाई है। किसानों के बीच पहुंचे सिंचाई विभाग के उपमंडल अधिकारी ने कहा कि झुप्पा डिस्ट्रीब्यूटरी टूटने की जानकारी मिलते ही पीछे संपर्क कर तत्काल प्रभाव से पानी बंद करवाया। दोपहर के समय ट्रेक्टर जेसीबी की मदद से नवीनीकरण कार्य शुरु करवाया गया। पीड़ित किसानों को आश्वासन दिया कि उनके नुकसान की भरपाई करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सारी घटना की जानकारी मिलते ही विभाग ने तत्काल प्रभाव से हरसंभव कदम उठाया है जिससे किसान संतुष्ट हुए।

*पुलिस टीम ने आरोपियों से बरामद की एक थार व एक बोलरो कैंपर गाड़ी*

## पुलिस ने घर में घुसकर व्यक्ति से मारपीट के दो आरोपित पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार द्वारा जिला पुलिस को जिले में संगीन अपराध को अंजाम देने वाले आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर ऐसे आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई अमल में लाए जाने के निर्देश दिए हुए हैं, जो इन्हीं निर्देशों के तहत कार्रवाई करते हुए थाना लोहारू पुलिस ने घर में घुसकर व्यक्ति के साथ मारपीट करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सिंघानी निवासी महिला ने थाना लोहारू पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें शिकायतकर्ता महिला ने पुलिस को बतलाया कि शाम के समय दो गाड़ियों कुछ व्यक्ति उनके घर में आकर घुस गए थे, जिन्होंने उसके पति अनिल के साथ मारपीट की थी जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना लोहारू में दर्ज किया था। गत 2 नवंबर को अभियोग में प्रभावी कार्रवाई कर थाना लोहारू के उपनिरीक्षक सज्जन सिंह ने घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में दो आरोपियों को लोहारू से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

**एसडीएम के गनमैन के साथ मारपीट**



**चरखी दादरी।** ओवरलोड वाहनों की चैकिंग के दौरान एसडीएम योगेश कुमार के गनमैन के साथ मारपीट कर वर्दी फाड़ने, सरकारी पिस्तौल छीनकर फायर करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। ज्ञात रहे कि शनिवार की रात करीब 11 बजे गांव मानकावास के समीप एसडीएम योगेश सैनी अपनी टीम के साथ ओवरलोड वाहनों की जांच कर रहे थे। उसी दौरान दो गाड़ियां में कुछ युवक पहुंचे और चालान का विरोध करते हुए गाली गलौज शुरू कर दिया।

रोहतक, मंगलवार
4 नवंबर 2025
हरिभूमि सहेली





घर की तमाम जिम्मेदारियों को निभाते हुए हाउस वाइव्स का खुद के लिए यानी मी टाइम निकालना जरूरी है। इससे वे अपने को रिचार्ज महसूस करेंगी, उन्हें कभी स्ट्रेस नहीं होगा। लेकिन मी टाइम के लिए वर्क मैनेजमेंट का हुनर जरूरी है।

# अपनी कामयाबी को ऐसे रखिए कायम

कामयाब होना तो कठिन है ही, अपनी कामयाबी को संभाले रखना, इसे नई ऊंचाई देना और भी कठिन काम है। कामयाबी पर हम कैसे टिके रहें, नए-नए सोपान तय करें, इसके लिए प्रोफेशनल फ्रंट पर हम किन विशेष बातों को ध्यान में रखें, इसके लिए अपनी सोच कैसी रखें, आपके लिए बहुत जरूरी सलाह।

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

कामयाबी ऐसे ही किसी को आसानी से नहीं मिल जाती। इसे पाने की यात्रा का संघर्ष बहुत मुश्किल होता है। इससे कहीं ज्यादा कठिन होता है, हासिल की गई कामयाबी को बनाए रखना, मेहनत के साथ मिली कामयाबी पर टिके रहना, प्रोफेशनल फ्रंट पर खुद को निरंतर संवारते रहना, साथ ही व्यक्तिगत फ्रंट पर सहज बने रहना। असल में सफलता को पाना और सफल होने पर इसे संभालना, दोनों ही बहुत मुश्किल काम हैं। अपनी कामयाबी को अहंकार और असहयोगी रवैये के कारण खो देने वाले लोगों के उदाहरण हर फील्ड में मिल जाएंगे। बहुत से चर्चित और सफल लोग, लंबे संघर्ष के बाद पाई कामयाबी को छोटी-छोटी गलतियों के चलते गंवा देते हैं। उनसे सबक लेना और समय रहते संभलना भी एक स्किल ही है। ऊंचाइयों पर पहुंचने के बाद भी सजगता और सहजता से जीवन जीते हुए किन बातों का ध्यान रखकर अपनी कामयाबी को कायम रखें, जानिए-

## ग्रेटिट्यूड का भाव

ग्रेटिट्यूड यानी कृतज्ञता का भाव सफलता को और सार्थक, और टिकाऊ बनाता है। इसीलिए अपनी कामयाबी का उत्सव मनाते हुए इस यात्रा में सहयोगी रहे लोगों को कभी न भूलें। जब भी, जैसे रूप में भी संभव हो, उन लोगों को जैसे माता-पिता, मित्र, शिक्षक या सहकर्मी को धन्यवाद कहें। इनके प्रति आभार जताना कभी न भूलें। आमतौर पर सफलता पाने के बाद लोग आत्मकेंद्रित हो जाते हैं, जबकि जीवन को तो सांप-सीढ़ी के खेल जैसा माना जाता है, कभी ऊंचाइयों का दौर, तो कभी नाकामयाबी का समय। परिस्थितियां बदलती रहती हैं। ऐसे में अपने अच्छे वक्त में भी दूसरों के साथ अच्छे बने रहें, सकारात्मक बर्ताव करें। कम से कम, किसी को कमतर समझने की गलती तो बिल्कुल भी न करें।

## सहयोगी सोच है जरूरी

सफलता पाने के बाद भी अच्छे आचरण की अहमियत खत्म नहीं हो जाती। सच तो यह है कि अपनी सफलता को बनाए रखने के लिए अपने व्यवहार में सकारात्मकता और सहयोगी भाव और जरूरी हो जाते हैं। इसीलिए अपने आत्मविश्वास को अति-आत्मविश्वास में कभी न बदलने दें। दूसरों की भावनाओं का सम्मान करने का ट्रेंड हमेशा रहा है और रहेगा। सफल होने का मतलब अपनी कमजोरियों को भूल जाना नहीं होता, न ही दूसरों की काबिलियत की अनदेखी करने से आपकी कामयाबी कुछ विशेष हो जाती है। कोशिश कीजिए, आप संघर्ष कर रहे किसी अपने-पराए के मददगार बनें। आगे बढ़ने, बेहतर बनने में किसी का मार्गदर्शन करें। ऐसा करने से आप खुद भी कुछ नया सीखेंगी। कभी-कभी साझा लक्ष्य पर काम करने की यह रणनीति आपको और नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। किसी को दिया जा रहा सहयोग, आपके किसी समाधान का मार्ग भी निकाल सकता है। देखा जाए तो प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते हुए अपने ही परिवेश को कुछ लौटाने जैसा है। इसीलिए कहा जाता है, सहयोग से पूरे समाज की उन्नति होती है। सहयोगी व्यवहार से न केवल जुड़ाव और अपनापन बढ़ता है, बल्कि प्रोफेशनल संसार के संबंधों को मजबूती भी मिलती है।

### आत्म-जागरूकता और सहजता जरूरी

किसी क्षेत्र विशेष में सफल होने का अर्थ यह नहीं कि आप अपने आप में पूर्ण या संपूर्ण हो गई हैं। साथ ही यह भी नहीं सोचना चाहिए कि अब सारी परीक्षाएं खत्म हो गई हैं। जिंदगी



समय-समय पर इम्तिहान लेती रहती है। किसी न किसी रूप में उलझनें सामने आती रहती हैं। इस पड़ाव पर आत्म-जागरूकता और सहजता आवश्यक है। अहंकार से दूरी रखना जरूरी है। मनोवैज्ञानिक विश्लेषणों में भी सामने आया है कि अहंकार सफलता का एक स्वाभाविक परिणाम नहीं है। कामयाबी के गुरूर से इंसान का बदलता व्यवहार ही ईगो की ओर धकेलता है। वहीं, सफलता के दौर में सहज और विनम्र रहने वाले इंसान का मन सदा ग्रेटिट्यूड के भाव से भरा रहता है।

## बुरी आदतों से बचें

कामयाबी के दौर में बुरी आदतों के घेरे में आकर खुद को खो देने वाले लोगों के बहुत से उदाहरण मिलते हैं। इसीलिए सफलता को कोई सनक न बनाएं। खुद को खास दिखाने के लिए अजब-गजब आदतों के जाल में न फंसें, प्रोक्रास्टिनेशन यानी अपने काम को टालते रहना हो या दिनचर्या बिगाड़ लेना, किसी तरह की लत का शिकार होना हो या अपने आपको दिखावे की लाइफस्टाइल में उलझा लेना, ऐसी हर बात से बचिए, जो आपको दिशाहीन करती है। याद रखिए कि



अपनी सफलता को जीना अलग बात है और उसका सिर चढ़ जाना अलग। इस अंतर को समझते हुए खुद को संवारते रहना ही कामयाबी को टिकाऊ बनाता है। संघर्ष का समय बीतने के बाद भी सफलता पाने वाले लोग अनुशासित जीवन जीते हैं और आत्म-निरीक्षण को प्राथमिकता देते हैं। a

# बिजी लाइफ में भी खुद के लिए निकालें मी टाइम

एडवाइस
शीला श्रीवास्तव

हाउस वाइव्स की अकसर यह शिकायत रहती है कि वे खुद के लिए समय ही नहीं निकाल पातीं। वाकई रुटीन मैनेजमेंट उनके लिए एक चैलेंज की तरह होता है। उन्हें बच्चों के स्कूल, ट्यूशन, ऑनलाइन क्लासेस, हसबैंड के ऑफिस और घर के बड़े-बुजुर्गों की देखभाल के बीच अपने लिए समय नहीं मिल पाता। अपने लिए समय निकालना कितना जरूरी है, इस पर वे कुछ सोचती नहीं हैं। लेकिन अपने लिए समय ना निकालने की वजह से हाउस वाइव्स स्ट्रेस में आ जाती हैं। नतीजतन उन्हें छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आता है, जो आगे चलकर शारीरिक और मानसिक रोगों का कारण बनता है। सवाल यह है कि हाउस वाइव्स खुद के लिए मी टाइम कैसे निकालें-

**जरूरी है मी टाइम:** तमाम जिम्मेदारियों के बीच खुद के लिए समय निकालना 'मी टाइम' है। स्ट्रेस फ्री रहने के लिए यह बहुत जरूरी है। मी टाइम ब्रेन को रिचार्ज करता है। भले ही मी टाइम एक घंटे का हो, लेकिन होना जरूर चाहिए। इस समय आप बस अपने लिए जिएं, खुद को खुशी देने वाले काम करें। एक बार मी टाइम पर फोकस करके देखिए, आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगी। इतना ही नहीं, आप जीवन के अलग-अलग पहलुओं पर गहराई से सोच सकेंगी। खुद को बेहतर समझ पाएंगी और अपनी कमजोरियों और खूबियों पर मंथन कर सकेंगी। साथ ही आप अपने रिश्ते को और बेहतर बनाने पर विचार कर पाएंगी।

**पा सकती हैं खोई हुई एनर्जी:** मी टाइम से आप अपनी खोई हुई एनर्जी वापस पा सकतीं हैं। मी टाइम निकालने के लिए सबसे जरूरी है कि पहले वर्क मैनेजमेंट करें, क्योंकि आप अपने घर के कार्यों को व्यवस्थित कर पाएंगी तो आपके लिए मी टाइम निकालना आसान हो जाएगा। वर्क मैनेजमेंट सही करने के लिए कुछ बातों पर ध्यान देना होगा।

**खुद को दें प्रॉयोरिटी:** आपके परिवार में किसी को भी कोई जरूरत हो तो वह आपके पास आते हैं। ऐसे में गृहिणियों के लिए तनाव रहित रहना बेहद जरूरी है, क्योंकि अगर आपका स्वभाव चिड़चिड़ा होगा तो आप चाहकर भी किसी की पूरे मन से मदद नहीं कर पाएंगी। इसलिए खुद को प्रॉयोरिटी दें। अपनी पसंद की चीजों पर ध्यान दें। खुद के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं। खुद के पसंद की म्यूजिक सुनें, डांस करें या फिर खुद के पसंद के अन्य काम करें।

### अपना टाइम टेबल बनाएं



मी टाइम निकालने के लिए सबसे पहले आप अपने घर के कार्यों का समय तय करें। इसके लिए जरूरी है कि आप टाइम टेबल बनाएं और हर काम का समय तय करें। टाइम टेबल के हिसाब से किया गया काम हमेशा समय से होता है, इससे आप आसानी से समय निकाल कर अपनी रुचि के काम कर सकती हैं।

**लाइफस्टाइल में बदलाव:** सुबह उठने की आदत डालनी होगी। अगर आप देरी से उठेंगी तो घर का काम भी देरी से शुरू होगा और आपका सारा दिन झुंझलाहट में बीतेगा। खुद के लिए वक्त निकालना मुश्किल होगा।

**सोशल मीडिया पर ज्यादा बिजी न रहें:** अकसर देखा गया है कि महिलाएं सुबह से ही सोशल मीडिया पर कमेंट और लाइक्स देखने और उसका जबाव देने में बिजी हो जाती हैं, जिससे उन्हें समय का पता ही नहीं चलता। सोशल मीडिया पर एक्टिव होने के लिए आप एक समय तय करें, ताकि आप काम के स्ट्रेस से भी दूर रहें और मी टाइम निकाल सकें।

**घर के लोगों से लें मदद:** महिलाओं की यह आदत होती है कि हर काम अकेले ही करना चाहती हैं, जो ठीक नहीं है। घर के अन्य सदस्यों से थोड़ी-थोड़ी मदद लें। बच्चों से आप उनका कमरा ठीक करने, अलमारी और किताबें ठीक करने के लिए कहें। इससे वे खुद भी व्यवस्थित व अनुशासित बनेंगे। इससे आप अकेली पर काम का सारा बोझ नहीं पड़ेगा। a

स्पेशल : इंफेंट प्रोटेक्शन-डे, 7 नवंबर

शिशु देखभाल की समझ बढ़ाने, बाल मृत्यु दर में कमी लाने और नवजात बच्चों की देखभाल से जुड़ी सर्विसेज के बारे में अवेयरनेस बढ़ाने के लिए हर साल 7 नवंबर को इंफेंट प्रोटेक्शन-डे मनाया जाता है। न्यू बॉर्न बेबी की देख-भाल के लिए किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए, जानिए।

# न्यू बॉर्न बेबी सजगता से हो देख-भाल

लालन-पालन
चैतन्या

बच्चे के जन्म के बाद कुछ दिनों तक न केवल न्यू बॉर्न बेबी की विशेष देखभाल की जरूरत होती है बल्कि बहुत सी छोटी-छोटी बातों को लेकर सजगता बरतना भी जरूरी है। हमारे यहां नवजात यानी न्यू बॉर्न बेबीज की सुरक्षा के मामले में आज भी अवेयरनेस की कमी देखी जाती है। असल में नवजात बच्चों की मेडिकल केयर के साथ ही, अपनों की स्नेह भरी देख-भाल, स्वच्छता, स्तनपान और वैक्सीनेशन जैसी बातों को लेकर जागरुकता होनी जरूरी है।



**किसे कहते हैं न्यू बॉर्न बेबी:** आम बोलचाल की भाषा में कुछ घंटों, दिनों या एक महीने तक के बच्चे को न्यू बॉर्न बेबी यानी नवजात शिशु कहते हैं। वैसे जन्म से लेकर एक साल की उम्र नवजात अवस्था के तौर पर बच्चे की देखभाल के लिए अहम होती है। घर के बड़ों के लिए बच्चे के दुनिया में दस्तक देने के बाद का यह समय बहुत सजग रहने का होता है। इंफेंट केयर में जरा सी चूक शिशुओं को आगे के लिए भी कई परेशानियों का शिकार बना सकती है। खासकर पैरेंट्स को न्यू बॉर्न बेबी की सुरक्षा और विकास के बारे में अवेयर रहना चाहिए। ब्रेस्ट फीडिंग से लेकर वैक्सीनेशन और किसी तरह की जन्मजात तकलीफ का इलाज करवाने तक, ये शुरुआती दिन बेहद अहम होते हैं। इतना ही नहीं मौसमी बीमारियों और दूसरे इंफेक्शन से बचाने के लिए साफ-सफई का भी ध्यान रखना होता है। असल में ऐसी छोटी-छोटी गलतियों के चलते हमारे देश में आज भी इंफेंट मोरटैलिटी के आंकड़े चिंता का विषय बने हुए हैं। ऐसे में इंफेंट प्रोटेक्शन-डे हर मामले में शिशुओं की बेहतर ढंग से केयर करने से जुड़ी सतर्कता लाने का संदेश देने वाला दिन है।


**स्तनपान और स्वच्छता:** मां के दूध को तो नवजात का पहला टीका कहा जाता है। शिशु के स्वास्थ्य के लिए अमृत माना जाता है। ऐसे में जन्म के बाद बच्चे को ब्रेस्ट फीडिंग करवाना बहुत जरूरी है। इसके लिए माताओं में भी सजगता होना जरूरी है। साथ ही ब्रेस्ट फीडिंग शुरू करने में देरी हो जाए तो नवजात शिशु भी मां का दूध पीने में सहज नहीं रहता। डॉक्टर की सलाह के मुताबिक सही समय पर बच्चे को मां का दूध पिलाना शुरू कर दिया जाए तो यह न्यू बॉर्न बेबी की सेहत के लिए सुरक्षा कवच बन जाता है।

**संक्रमित होने से बचाएं:** इंफेंट प्रोटेक्शन-डे, लोगों को साफ-सफाई रखने के लिए भी चेताता है। जन्म के बाद के शुरुआती दिनों में नवजात बच्चों को कई तरह के इंफेक्शन हो सकते हैं। इनकी एक बड़ी वजह स्वच्छता न रखना भी है। हमारे यहां बड़ी संख्या में नवजात शिशुओं का जीवन डिलिवरी के दौरान या जन्म के बाद पहले चौबीस घंटों के भीतर छिन जाता है। इंफेंट मोरटैलिटी के कई कारण हैं। इन जानलेवा वजहों में जन्म के बाद संक्रमित होना भी शामिल है।

**वैक्सीनेशन और पोषण:** बच्चे के जन्म के बाद टीके लगवाने में तो कोई देरी नहीं होनी चाहिए। शिशु को नियमित डॉक्टर को दिखाने, उसके



वजन का ध्यान रखने और चिकित्सक की सलाह के मुताबिक समय-समय पर लगने वाले वैक्सीन लगवाने की प्रक्रिया फॉलो करना जरूरी है। साथ ही सही पोषण का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी है। हमें अपने नवजात बच्चे की सुरक्षा को लेकर ज्यादा जागरूक रहने की जरूरत होती है। a



मेकअप
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# फॉलो करें प्रॉपर मेकअप स्टेप्स मिलेगा इंप्रेसिव-परफेक्ट लुक

अगर आप प्रोफेशनल हैं तो मेकअप सही ढंग से अप्लाई करना जरूरी होता है। लेकिन मेकअप शुरू करने से पहले आपको इसके बेसिक्स की जानकारी होनी चाहिए ताकि आप अट्रैक्टिव, इंप्रेसिव दिखें।

**क्लींजर:** मेकअप करने से पहले क्लींजर की मदद से चेहरे को साफ कर लें। आप कॉटन में टोनर लगाकर भी चेहरे को अच्छी तरह साफ कर सकती हैं। इसके बाद ही फेस स्क्रब का यूज करें क्योंकि इससे आपकी स्किन सुंदर और आप अट्रैक्टिव दिखेंगी।

**मॉयश्चराइजर:** स्किन को क्लीन करने के बाद मॉयश्चराइज करें। इसके बाद आप प्राइमर लगाएं ताकि मेकअप देर तक टिका रहे।

**आंखों को करें हाइड्रेटेड:** आंखों के आस-पास की स्किन को हाइड्रेटेड रखने के लिए आई सीरम का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। सामान्यतः हाईड्रेटिंग मॉयश्चराइजर का उपयोग कीजिए और अगर आपकी स्किन ऑयली है तो तेल की अधिक मात्रा को नियंत्रित करने के लिए मैटीफाइंग मॉयश्चराइजर का उपयोग कीजिए। अगर आपकी त्वचा पर दाग, धब्बे, मुंहासे हैं या आंखों के नीचे डार्क सर्कल हैं तो इन्हें कवर करने के लिए कंसीलर कलर करेक्टर का उपयोग करें ताकि त्वचा का रंग नेचुरल दिखे।



**लिप्स के लिए:** अगर आपकी लिपस्टिक कुछ ही समय बाद होंठों से गायब हो जाती है तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। इसके लिए कॉम्पैक्ट पावडर का इस्तेमाल करें, जो लिपस्टिक को लंबे समय तक टिकाए रखेगा। लिपस्टिक लगाने के बाद उस पर टिश्यू पेपर लगाएं। अब, अपने होंठों पर टिश्यू पेपर के ऊपर कुछ लूज कॉम्पैक्ट पावडर या एक लूज सेटिंग पावडर लगाएं। ऐसा करने से आपकी लिपस्टिक पहले की तरह सेट हो जाएगी।

**रिमूव एक्स्ट्रा ऑयल:** अगर आपकी स्किन पर एक्स्ट्रा ऑयल दिखता है तो ब्लॉटिंग पेपर का यूज कर सकती हैं। इसके यूज से स्किन से एक्स्ट्रा ऑयल को हटाया या कम किया जा सकता है।

**फाउंडेशन:** अपनी स्किन टोन के हिसाब से फाउंडेशन का यूज करें। फाउंडेशन को अपनी गर्दन पर लगाना न भूलें।

**ब्लश का यूज:** ब्लश का यूज अपनी जरूरत के अनुसार करें क्योंकि इसका ज्यादा उपयोग अननेचुरल दिखेगा। इसे अपने गालों को उभारने के लिए ही उपयोग कीजिए। ज्यादातर स्किन पर हल्का पिंक ब्लश सूट करता है।

**लिपस्टिक-लिप ग्लॉस:** अगर आपको यह महसूस हो कि मैटीफाइंग लिपस्टिक से आपके लिप्स ड्राई हो रहे हैं तो किसी लिप बाम के बाद लिपस्टिक अप्लाई करें।

**सेटिंग स्प्रे:** अपने मेकअप को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए सेटिंग स्प्रे का यूज कीजिए। लेकिन आंखों को बंद रखें और होंठों को भी कवर रखें। a

मेडिकल सजेशन
डॉ. भारती कालरा
सीनियर गायनेकोलॉजिस्ट
करनाल-हरियाणा

अपने जरूरी पर्सनल वर्क के लिए कई महिलाएं पीरियड्स को डिले करने के लिए मेडिसिन ले लेती हैं। लेकिन ऐसा करने से पहले डॉक्टर से कंसल्ट करना जरूरी है। लापरवाही हार्मफुल हो सकती है।

# डॉक्टर से कंसल्टेशन पर ही लें पीरियड्स-डिले मेडिसिन

पीरियड्स एक नेचुरल फिजिकल साइकिल है, जिससे टीनएज से 45-50 वर्ष की उम्र के बीच की हर महिला गुजरती है। लेकिन कई बार मैरिज, स्पेशल फंक्शन, सैर-सपाटे, स्टडी जैसे किसी विशेष अवसर पर कुछ महिलाएं पीरियड्स रोकने के लिए मेडिकल स्टोर में आसानी से उपलब्ध पीरियड्स डिले करने वाली हार्मोनल पिल्स ले लेती हैं। इन दवाओं के गलत डोज या साइड इफेक्ट्स की वजह से कई शारीरिक समस्याओं के साथ जीवन पर भी संकट मंडरा सकता है।

**कैसे काम करती हैं ये दवाएं:** मेडिकली देखें तो महिला के शरीर में प्रत्येक पीरियड साइकिल के दौरान प्रोजेस्ट्रॉन हार्मोन का लेवल प्राकृतिक रूप से कम हो जाता है, जिसकी वजह से यूट्रस की लाइनिंग गिरने लगती हैं और पीरियड्स शुरू हो जाते हैं। पीरियड्स-डिले पिल्स, मुख्य तौर पर दो तरह की हार्मोनल दवाइयां होती हैं, जिनमें या तो सिर्फ सिंथेटिक प्रोजेस्ट्रॉन होता है या फिर एस्ट्रोजन-प्रोजेस्ट्रॉन का मिश्रण होता है। इनके सेवन से महिला के शरीर में प्रोजेस्ट्रॉन



लेवल कम नहीं हो पाता और पीरियड्स रुक जाते हैं यानी, ये दवाएं अस्थाई रूप से पीरियड साइकिल को रोककर पीरियड्स को आगे बढ़ाने का काम करती हैं। साथ ही महिलाओं के रिप्रोडक्टिव सिस्टम को रेगुलेट करने में मदद करती हैं।

**क्या होते हैं साइड इफेक्ट्स:** हालांकि ये दवाइयां सुरक्षित होती हैं, लेकिन संभावित साइड इफेक्ट से बचने के लिए इन्हें स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर के परामर्श पर सही तरीके और सही डोज में ही लेनी चाहिए। इन्हें लेने पर कुछ सामान्य साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं, सिर-दर्द होना, ब्रेस्ट में दर्द होना, पेट फूला-सा लगना, वजन बढ़ना, मितली-उल्टी की फीलिंग होना, पैर में दर्द, ब्लड प्रेशर बढ़ना आदि। कुछ मामलों में शरीर में हार्मोन और रक्त में मौजूद रसायनों का संतुलन गड़बड़ा जाता है। धमनियों में ब्लड क्लॉटिंग या डीप वेन थ्रोम्बोसिस होने का खतरा रहता है। हार्मोनल दवाइयों के हाई डोज से ब्लड प्रेशर और इलेक्ट्रोलाइट संतुलन बिगड़ सकता है, जिससे हार्ट रेट गड़बड़ा सकता है।

### इन बातों का रखें ध्यान

- हार्मोन पिल्स का सेवन बिना डॉक्टर के परामर्श के न करें।
- जब तक बहुत जरूरी न हो, इन गोलियों का इस्तेमाल न करें।
- एक सप्ताह पहले ही आजमा लें ताकि यदि कोई साइड इफेक्ट हो तो उससे निपटने के लिए समय मिल सके।
- मेडिकल हिस्ट्री और ब्लड टेस्ट जरूर करवाएं। पहले से मौजूद बीमारियों जैसे लिवर, ब्लड प्रेशर, डीवीटी, हार्मोनल असंतुलन में इन्हें बिल्कुल न लें।
- कभी-कभार और डॉक्टर की निगरानी में इनका सेवन सुरक्षित है। लेकिन बार-बार इस्तेमाल शरीर के हार्मोनल संतुलन को बिगाड़ सकता है।

**इन्हें होता है अधिक रिस्क:** पीरियड्स-डिले करने वाली दवाओं का सेवन करने में ऐसी महिलाओं को पूरी एहतियात बरतनी चाहिए, जो पीसीओएस, माइग्रेन, स्ट्रोक, ब्लड प्रेशर, लिवर, हार्ट डिजीज, डायबिटीज आदि से जूझ रही हों। a

प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा

## खबर संक्षेप

### श्रीपाल यादव ने दौड़ में रचा इतिहास



**बवानीखेड़ा।** भिवानी के सेक्टर 23 निवासी श्रीपाल यादव ने उतराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्र में आयोजित पहली अल्ट्रा मैराथन में 42 किलोमीटर की दौड़ फुल मैराथन को सफलतापूर्वक पूरी कर अपनी क्षमता का परिचय दिया। समुद्र तल से 14 हजार फीट से अधिक की ऊंचाई पर आयोजित दौड़, जहां का तापमान शून्य से 2 डिग्री सेल्सियस था। जहां सांस लेना भी मुश्किल हो जाता है।

### लाडो लक्ष्मी योजना में कराएं पंजीकरण

**चरखी दादरी।** हरियाणा दिवस एवं सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जन्म तिथि के उपलक्ष्य में प्रदेश भर में दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के सहायता शिविर आयोजित कर महिलाओं को योजना के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिले में भी उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल व अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल कारवा के नेतृत्व में दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के शिविर ब्लाक व पंचायत स्तर पर आयोजित किए गए हैं।

### समूह लोकनृत्य में खुशी व नैन्सी प्रथम

**भिवानी।** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में उच्चतर शिक्षा विभाग पंचकूला निर्देशित हरियाणा दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. त्रिलोकचंद की अध्यक्षता में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के तत्वावधान में संयोजिका डॉ. ज्योति एवं डॉ. दीपक सोनी के प्रबंधन में आयोजित किया। समूह लोकनृत्य में खुशी व नैन्सी प्रथम, चारू समूह द्वितीय व वर्षा एवं प्रीति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रागिनी गायन में प्रियंका प्रथम, दीप्ति द्वितीय व पूनम तथा रवीना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल लोकनृत्य में नंदिनी प्रथम, नेहा द्वितीय व काफी एवं प्रियंका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### खरककलां गांव में होगा तीन दिवसीय सांस्कृतिक सांग कार्यक्रम

**भिवानी।** हरियाणा कला परिषद के सौजन्य से जिले के गांव खरक कला में 19 नवंबर से 21 नवंबर तक तीन दिवसीय सांस्कृतिक संघ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का संचालन लख्मीचंद के पुत्र विष्णु दत्त कौशिक करेंगे। हमारी संस्कृति हमारा स्वाभिमान संगठन के सदस्य लक्ष्मी दत्त शर्मा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य हरियाणा की लोक संस्कृति, लोकगीत, लोकनृत्य और पारंपरिक कला को बढ़ावा देना है।

### प्रधानमंत्री पुरस्कारों के लिए 15 तक करें आवेदन

**चरखी दादरी।** केंद्र सरकार की ओर से लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कारों के लिए पंजीकरण और आवेदन जमा करवाने की अंतिम तिथि 15 नवंबर निर्धारित की गई है। प्रधानमंत्री पुरस्कारों के लिए निर्धारित शर्तें और मापदंड पूरे करने वाले 15 नवंबर तक अपना आवेदन जमा करवा सकते हैं। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि वर्ष 2006 में लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए यह योजना शुरू की थी।

---

### इनेलो ने किसानों व आमजन से जुड़ी समस्याओं के समाधान की उठाई मांग

# किसानों व आमजन के हित में इनेलो सड़कों पर उतरी, प्रदर्शन कर डीसी को सौंपा ज्ञापन

*आय दोगुनी करने की बजाय भाजपा सरकार ने अन्नदाताओं को परेशानियों में धकेला : अशोक*



भिवानी। शहर में प्रदर्शन करते इनेलो नेता व कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला और प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा के निर्देशानुसार पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने किसानों और आमजन की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सोमवार को भिवानी की सडक़ों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया।

**महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व अपराध जैसी समस्याओं ने जनता को किया परेशान: गौरा**

प्रदर्शन पूर्व विधायक एवं प्रदर्शन के जिला प्रभारी ओमप्रकाश गौरा के नेतृत्व में इनेलो जिलाध्यक्ष अशोक ढ़ाणीमाहु तथा किसान सैल के जिलाध्यक्ष अजीत बागड़ी बड़ेसरा की अध्यक्षता में हुआ। इनेलो नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शहर में प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय तक मार्च किया और उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल के नाम एक मांगपत्र सौंपा, जिसमें समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की गई।

#### भाजपा पर किसान और आमजन विरोधी होने का आरोप लगाया

इनेलो जिला अध्यक्ष अशोक ढ़ाणी माहु व प्रदर्शन के जिला प्रभारी पूर्व विधायक ओमप्रकाश गौरा ने भाजपा सरकार पर किसान और आमजन विरोधी होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो सरकार खुद को हितैषी बताती है, वहीं किसानों के हितों और आमजन की सुविधाओं की तरफ बिल्कुल ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने का दावा करने वाली भाजपा सरकार ने अन्नदाताओं को मुश्किलों व परेशानियों के भंवर में धकेल दिया है, जिसके चलते आय दोगुनी तो दूर की बात उन्हे अपनी मेहनत का रूपया भी नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा कि मंडियों में किसानों की फसलें एमएसपी पर खरीद नहीं हो रही है, खेतों में हुए जलभराव की निकासी नहीं हो रही है, और बर्बाद हुई फसलों के मुआवजे के लिए किसान दर-दर भटक रहे हैं, खाद के लिए लंबी-लंबी लाईनों में लगना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इन गंभीर समस्याओं के समाधान की तरफ कोई ध्यान न देकर सिर्फ झूठी और खोखली वाहवाही लूटने में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और अपराध जैसी समस्याओं ने प्रदेश में गहराई पकड़ ली है, जिससे आम नागरिक बेहद परेशान हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि समस्याओं का समाधान नहीं किया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक मास्टर धर्मपाल ओबरा, सुनील लांबा, शारदा मिश्रा, सुमन अहलावत, इंदु परमार, भूप लांबा, हरकेश नागर, संदीप घणघस, सोनू दुहन, भूप सिंह, अनिल, जितेंद्र मिनी गौरीपुर, कृष्ण सिवाच, जगराम, दिलबाग, आनंद सांगवान, राजेंद्र डीएसओ, दीपक वाल्मीकि, विजेंद्र टांक, राजेश पुनिया, विक्रम अलखपुरा, विजेंद्र दुहन आदि मौजूद रहे।

## इनेलो ने जनसमस्याओं को लेकर शहर में किया प्रदर्शन

**चरखी दादरी।** पूर्व प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला के निर्देशानुसार विभिन्न विषयों को लेकर विरोध जताया। रोज गार्डन से जिलाध्यक्ष सुबे सिंह अटेला व जिला प्रभारी पूर्व विधायक रणबीर मंदौला किसान सैल जिला अध्यक्ष सुरेश मान की अगुवाई में सभी साथी रोज गार्डन में एकत्रित हुए, यहां से खराब फसलों का मुआवजा नहीं, कानून व्यवस्था नहीं, फसलों की एमएसपी पर खरीद नहीं, फसल बिजाई के लिए खाद नहीं। युवाओं के लिए रोजगार नहीं।

खेतो में जलभराव की निकासी नहीं आदि विषयों को लेकर रोष जताते हुए उपायुक्त कार्यालय पहुंचे। इनेलो ने महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन उपायुक्त के माध्यम से प्रेषित किया। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि हरियाणा की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था के लिए जल जीवनरेखा है, लेकिन इस वर्ष जुलाई-सितम्बर महीनों में औसत से अत्यधिक बारिश व जलभराव की निकासी एवं बाढ़ नियंत्रण कार्यक्रम को समय पर सरकार द्वारा सुचारू रूप से क्रियान्वित न करने व समय पर ध्यान न देने की वजह से पूरे हरियाणा में खरीफ की फसलों को बहुत भारी खराबा हुआ है, जिनमें 12 जिलों में अत्यधिक नुकसान हुआ है। लगभग साढे 4 लाख किसानों का लगभग 19 लाख एकड़ फसलों का नुकसान हुआ है।



---



भिवानी। शिक्षकों के साथ विजेता विद्यार्थी।

### कैलीग्राफी लेखन प्रतियोगिता में आरजू प्रथम

**भिवानी।** वैश्य महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा सोमवार को कैलीग्राफी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्रव छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर धीरज त्रिखा एवं डॉ. पूनम वर्मा की देखरेख में आयोजित किया। डीन एकेडमिक डॉ. नरेंद्र सिंह एवं अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर धीरज त्रिखा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक होते हैं। कैलीग्राफी लेखन प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य डॉ. गोयल, डॉ. नरेंद्र सिंह, प्रोफेसर त्रिखा, डॉ. प्रदीप भारद्वाज,डॉ. पूनम वर्मा ने नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका प्रोफेसर आशा नेहरा व प्रोफेसर सरिता गोयल ने निभाई। डॉ. पूनम वर्मा ने बताया कि बीए प्रथम वर्ष की आरजू ने प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की प्रियंका ने द्वितीय एवं बीए प्रथम वर्ष की कीर्ति सोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## चौधरी बंसीलाल कॉलेज में हरियाणवी गीतों पर जमकर थिरके विद्यार्थी

- हरियाणा दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू

सोमवार को चौधरी बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय हरियाणा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रेस एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रभारी एवं कार्यक्रम संयोजक सुजीत कुमार ने बताया कि सभी महाविद्यालयों में हरियाणा उत्सव की धूम है तथा हरियाणा दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करवाए जा रहे हैं। प्राचार्य डॉ मुकेश चहल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य ने स्टाफ सदस्यों और छात्र छात्राओं को हरियाणा की शुभकामनाएं दी। प्रोफेसर डॉ. सुजीत कुमार ने हरियाणा के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य, सांस्कृतिक विरासत और गौरवशाली परंपराओं पर प्रकाश डाला। बी.ए. तृतीय वर्ष के विद्यार्थी हरीश ने रागिनी का मंचन किया और बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा ज्योति तथा बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा ममता ने हरियाणवी गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। इस मौके पर डॉ. सुखबीर सिंह, दिनेश, पिंकी, सोनिका रमेश, सरिता सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



लौहारू। चौ. बंसीलाल कॉलेज में कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए छात्र-छात्राएं।

## महेंद्रगढ़ की दिवाक्षी अब बॉलीवुड फिल्म में आएंगी नजर



**महेंद्रगढ़।** आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोद की 9वीं कक्षा की छात्रा दिवाक्षी का चयन बॉलीवुड मूवी कला एक संघर्ष में क्लासिकल डांस के लिए किया गया है। यह फिल्म नृत्य और संघर्ष पर आधारित है और दिवाक्षी का चयन इस फिल्म के लिए उनकी बेहतरीन परफॉर्मेंस के आधार पर हुआ। दिवाक्षी ने एक नवंबर को दिल्ली में आयोजित आडिशन में भाग लिया था, जहां फिल्म के डायरेक्टर मिस्टर अली रॉय और सपना सिंह ने उनकी नृत्य प्रस्तुति की सराहना करते हुए उन्हें फिल्म में शामिल करने का निर्णय लिया। महेंद्रगढ़ निवासी दिवाक्षी की सफलता की कहानी न केवल उनके नृत्य कौशल, बल्कि उनकी निरंतर मेहनत और समर्पण का परिणाम है। दिवाक्षी के पिता दीपक व माता ज्योति ने बताया कि वह बचपन से ही नृत्य में रुचि रखती थीं। ढाई साल की उम्र में ही दिवाक्षी ने स्टेज पर नृत्य प्रस्तुतियां देना शुरू कर दिया था। उन्होंने नेशनल यूनियन क्लासिकल डांसर का खिताब भी जीता है और राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया है। उनके प्रदर्शन ने न केवल अपने परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि उन्होंने अपने गांव और समाज में भी कला के प्रति जागरूकता और सम्मान बढ़ाया है। फिल्म कला एक संघर्ष में दिवाक्षी के साथ बॉलीवुड के अभिनेता मुस्ताक खान, प्रदीप कावरा, इकरार मल्लिक (यू-ट्यूबर) और डीआईडी के द्वितीय विजेता हरुण राव भी महत्वपूर्ण किरदार निभा रहे हैं।

## तोशाम के मुकुल गर्ग ने सीए फाइनल में देश में 16वां स्थान प्राप्त किया

- परीक्षा पास कर तोशाम के युवा मुकुल गर्ग, कनिका सिंगल व रितेश गर्ग बने चार्टर्ड अकाउंटेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम



मुकुल।



रितेश।



कनिका।

सोमवार का दिन तोशाम कस्बे के लिए गर्वित करने वाला साबित हुआ क्योंकि सोमवार को चार्टर्ड अकाउंटेंट के फाइनल परिणाम में तोशाम निवासी मुकुल गर्ग ने सीए की फाइनल परीक्षा में संपूर्ण भारतवर्ष में 16वां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। वहीं तोशाम की बेटी कनिका सिंगल ने भी चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा पास की। इसी कड़ी में तोशाम निवासी रितेश गर्ग ने भी चार्टर्ड अकाउंटेंट की फाइनल परीक्षा पास कर सीए बनने का अपना सपना पूरा कर दिखाया है। बता दें कि मुकुल के पिता संजय गर्ग आलमपुरिया क्रेशर मालिक है और उनकी माता एक ग्रहणी है, जिससे मुकुल गर्ग ने एक मध्यम परिवार से संबंध रखते हुए भी अपनी मेहनत के बलबूते पूरे भारतवर्ष में 16वां स्थान प्राप्त किया। फाइनल परीक्षा पास करके सीए बनी तोशाम की बेटी कनिका सिंगल भी एक मध्यम परिवार से है और उनके पिता प्रवीण दुकानदार हैं तथा उनकी माता वंदना देवी ग्रहणी है। वहीं रितेश गर्ग भी एक मध्यम परिवार से ही संबंध रखते हैं और उनके पिता नरेश गर्ग पटौदी वाले व्यापारी है तथा उनकी माता कमला देवी ग्रहणी है।



तोशाम। शिक्षकों के साथ विजेता टीम।

### इंटर हाउस साइंस क्विज में सुभाष हाउस जीता

**तोशाम।** सोमवार को तोशाम के आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में इंटर हाउस साइंस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। सुभाष हाउस ने प्रथम, नेहरू हाउस ने द्वितीय और गांधी हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में ममता यादव ने सभी विद्यार्थियों से प्रश्न किए और विद्यार्थियों द्वारा दिए उत्तर की पुष्टि भी की। इस दौरान सभी विद्यार्थियों का प्रदर्शन बहुत ही सराहनीय रहा। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य भारत भूषण ने मानव जीवन के कल्याण में विज्ञान के महत्व को बताया। संस्थान के चेयरमैन जगदीशचंद्र मालवाल ने राष्ट्र की उन्नति के लिए विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच बनाने की बात कही। इस अवसर पर योगेन्द्र मालवाल, सरिता मालवाल, ऋतु, आरती, रमेश, हरकेश, नरेश आदि सभी स्टाफ मेम्बर्स उपस्थित थे।

### समाधान शिविरों में समस्याएं सुनीं

**चरखी दादरी।** हरियाणा सरकार की पहल समाधान शिविर लोगों के लाभकारी साबित हो रही है। इस पहल से नागरिकों को अपनी समस्याओं का समाधान एक ही स्थान पर मिल रहा है। सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने की। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों में नागरिकों की ओर से सबसे अधिक समस्याएं परिवार पहचान से संबंधी हैं। इसके अलावा राशन कार्ड, अवैध अतिक्रमण, पुलिस और बिजली विभाग से संबंधित शिकायतें भी प्राप्त हुई हैं।

**सूचना**

मैं, हिमांशु चौहान पुत्र श्री सज्जन निवासी मेन चौक दादरी गेट, भिवानी बयान करता हूँ की मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड व बाकी अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम हिमांशु चौहान दर्ज है जबकी मेरी 10वी की मार्कशीट में मेरा नाम हिमांशु है। अब में मेरा नाम हिमांशु चौहान करवाना चाहता हूँ। भविष्य में मुझे हिमांशु चौहान के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**निलामी सूचना**

आपको सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चांग रोड में तीन हरे नीम के पेड़ों की निलामी 6.11.2025 को ग्राम पंचायत भवन में 12 बजे होगी, जिसकी सरकारी बोली 6303 रूपए है। मौके पर शर्तें बता दी जाएंगी।

सरपंच/सचिव,
ग्राम पंचायत, चांगरोड

### शिकायतकर्ता की समस्या को गंभीरता से लेकर शीघ्र करें समाधान : डीएमसी

# डीएमसी मलिक ने समाधान शिविर में सुनीं जनसमस्याएं

*भारतीय किसान महासभा ने प्राइवेट बसों में किराया में मनमानी का मुद्दा उठाया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते डीएमसी मलिक। फोटो : हरिभूमि

डीएमसी गुलजार मलिक ने सोमवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी शिकायतकर्ता की समस्या को गंभीरता से लेकर शीघ्र समाधान करें। समाधान शिविर में डीएमसी मलिक के समक्ष पूर्व एमसी ईश्वर मान ने शहर में वाहनों के ऑनलाइन चालान काटने व मिठाइयों की दुकानों से समय-समय पर सेम्पल लेने व कार्यवाही करवाने बारे, सेक्टर-13 निवासी रामकिशन शर्मा ने पेयजल पाइप लाईन लीकेज को दुरुस्त करवाने की मांग की। इसके अलावा गीता देवी ने एसएमएसजी अस्पताल द्वारा इलाज में बरती गई लापरवाही के खिलाफ कार्यवाही करवाने, बापौड़ा निवासी राजबीर ने जमीन का बंटववारा करवाने, पालुवास निवासी सीताराम ने गली से अवैध कब्जा हटवाने, घुसकानी निवासी ईश्वर ने खेतों में सिंचाई नाली पक्की करवाने, अखिल भारतीय किसान महासभा के सदस्यों ने प्राइवेट बस संचालकों की किराया में मनमानी पर रोक लगवाने, पूनम ने आधारकार्ड में जन्मतिथि ठीक करवाने, सिवाडा निवासी सज्जन ने गली से अवैध कब्जा हटवाने, प्रमोद कुमार ने अविवाहित पेंशन बनवाने तथा कृष्ण कुमार, ललीत कुमार व रोशनी ने बीपीएल कार्ड बनवाने, सरोज देवी, सोम, मनोज कुमार व समीता ने पीपीपी दुरूस्त करवाने से संबंधित समस्या रखी।डीएमसी श्री मलिक ने सभी समस्याओं को गौर से सुना और अधिकारियों को प्राथमिकता से शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर से संबंधित लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से समाधान करें।

**ये रहे मौजूद**

समाधान शिविर में डीडीपीओ सोमबीर कादयान, यातायात प्रबंधक भरत सिंह परमार, गैर सरकारी सदस्य रामकिशन हलवासिया व सुनील नंबरदार के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

**THE BHIWANI URBAN CO-OP. HOUSE BUILDING SOCIETY LTD.**
**BHIWANI-127021 (HARYANA)**

**सूचना**

दि भिवानी अर्बन सहकारी भवन निर्माण समिति लिमिटेड, भिवानी के सभी समिति सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की आम सभा की बैठक दिनांक 27.11.2025 को समय 12.10 बजे समिति के कार्यालय में होनी निश्चित की गई जिसमें निम्नलिखित एजेंडों पर विचार किया जाएगा।

1. पिछली आम सभा की पुष्टि करने बारे।
2. पिछली आम सभा की बैठक से अब तक जो प्रबंधन कमेटी द्वारा पारित प्रस्ताव पास किए जो खर्चे पास किए उनकी स्वीकृति देने बारे विचार।
3. समिति को कुछ सदस्यों द्वारा अलॉटमेंट पत्र व कम राशि जमा करवाने वाले सदस्यों को अलॉटमेंट पत्र रद्द करके समिति में जमा मूल राशि वापस करके व अन्य सदस्यों का अलॉट करने बारे।
4. समिति का कार्य क्षेत्र बढ़ाने बारे।

सभी समिति सदस्यों से अनुरोध है कि उक्त बैठक में निश्चित तिथि समय व स्थान पर भाग लेने का कष्ट करें।

हस्ता/- सचिव
दि भिवानी अर्बन सहकारी भवन निर्माण समिति लिमिटेड, भिवानी

## खबर संक्षेप



### शिविर में 30 युनिट रक्त किया एकत्रित

**भिवानी।** गांव मित्ताथल के जगड़ाना जोहड़ स्थित बाबा श्याम मंदिर में समस्त ग्रामीणों के सहयोग से बाबा खुबीनाथ धाम के महंत बाबा भगवान गिरी के सानिध्य में हवन-यज्ञ, भंडारे व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महंत बाबा भगवान गिरी ने बाबा श्याम की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। यह जानकारी देते हुए मास्टर पवन कुमार ने बताया कि रक्तदान शिविर में एएमएस बाढसा झज्जर की टीम ने 30 युनिट रक्त एकत्रित किया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि के भाई मास्टर राजेश ने शिरक्त की तथा प्रसाद ग्रहण कर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### बिना मोबाइल नंबर नहीं मिलेगा वेतन

**चरखी दादरी।** सरकार के विभिन्न विभागों में अनुबंध आधार पर काम कर रहे सभी कर्मचारियों को ई सैलरी पोर्टल पर अपना मोबाइल नंबर अपडेट करवाना होगा। बिना मोबाइल नंबर के उन्हें सैलरी नहीं मिल पाएगी। खजाना अधिकारी मंजू ने बताया कि सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार अब ई सैलरी पोर्टल पर दर्ज प्रत्येक अनुबंधित कर्मचारी का मोबाइल नंबर होना जरूरी है। मोबाइल नंबर के बिना कर्मचारियों को पेमेंट नहीं की जा सकती है।

### युवती लापता, गुमशुदगी की शिकायत दर्ज

**लोहारू।** कस्बे से करीब 18 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। लोहारू पुलिस ने युवती के पिता की शिकायत पर गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। युवती के पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी की उम्र करीब 18 वर्ष है तथा बिना बताए घर से कहीं चली गई है। उसकी आसपास में काफी तलाश की गई, लेकिन वह नहीं मिली। पुलिस ने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

## श्रीगुरुनानक देव के प्रकाशोत्सव पर शहर में निकाली शोभायात्रा

# जो बोले सो निहाल, शत श्री अकाल के जयकारों से गूंजी छोटी काशी

**पंजाब के मानसा से पहुंचे गतका के माहिर गुरसिक्ख बच्चों ने दिखाए जौहर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी





भिवानी। शोभायात्रा में शामिल पंज प्यारे। व शोभायात्रा में करतब दिखाते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

श्रीगुरू नानक देव के प्रकाश पर्व पर सोमवार वार को शहर में शोभायात्रा का आयोजन किया। शोभायात्रा को जो बोले सो निहाल सतश्री अकाल के जयकारे के साथ रवाना किया। गुरूपर्व पर शोभायात्रा में श्री गुरू ग्रंथ साहिब जी को फूलों से सजी पालकी में रख भक्तों के दर्शानार्थ शहर के मुख्य बाजारों में ले जाया गया। गुरू के खालसे का रूप में पंच प्यारों ने हाथो में नगीं तलवारें लेकर श्री गुरुग्रंथ साहिब की अगुवाई की और जो बोले सो निहाल के जयकारे लगाकर वाहेगुरु का जाप किया। पंच प्यारो के आगे महिलाओं ने झाड़ू से सफाई करके व पानी छिड़ककर रास्ते को पवित्र किया व फूलों की बौछार की। शोभा यात्रा में सजाई भव्य पालकी जब शहर के मुख्य मार्गो से निकली तो शहरवासियों ने नतमस्तक होकर श्रीगुरू ग्रंथ साहिब को नमस्कार किया। शोभायात्रा भिवानी के घंटाघर स्थित गुरूद्वारा से शुरू होकर कृष्णा कलोनी, दिनोद गेट, जोगीवाला मंदिर, पुरानी देवसर चुंगी गुरुद्वारा से होती हुई हालु बाजार, जैन चौक, बिचला बाजार, सराय चौपटा से होती हुई घंटाघर स्थित मुख्य गुरूद्वारा साहिब पर संपन्न हुई।मानसा पंजाब से पहुंचे गतका गुरप के माहिर गुरसिक्ख बच्चों ने अलग-अलग अंदाज में करतब दिखाकर देखने वालों को स्तबद्ध कर दिया। जो भी करतब के जौहर दिखाए, जिन्हे देखकर शहरवासी अपने दांतो तले उंगली दबाने पर मजबूर हो गए। उन्होंने अपनी छाती पर बर्फ की सिली को तोड़ना, गर्दन के ऊपर नारियल रखकर तलवार से कटवाना वाकई में ही हैरत अंगेज करतब थे।


### नेक कमाई करके जीवन को सफल करें

गुरूद्वारा सिंह सभा के मुख्यग्रंथी प्रेम सिंह एवं प्रधान इंद्रमोहन सिंह ने बताया कि नेक कमाई करके जीवन को सफल करो और उस परमात्मा का नाम जपो, जिसने सृष्टि की रचना की है तथा मिलजुल कर बांट कर खाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरूनानक देव जी ने मानवता के लिए जो कुछ किया, उसका उदाहरण मिलना मुश्किल है। उन्होंने धार्मिक नियमों और रीति-रिवाजों को लेकर बराबरी का संदेश दिया। गुरू जी ने सच्चा सौदा व लंगर प्रथा चलाकर एक संदेश दिया तथा ऊंच-नीच के भेद को मिटाने का कार्य किया। पहली पातशाही श्रीगुरू नानक देव जी प्रकाश पर्व के आगमन की खुशी में प्रभात फेरियों का आयोजन किया जा रहा है। शोभायात्रा के बाद पांच नंवबर को गुरू की संगत की ओर से गुरूद्वारा सिंह सभा में श्रीगुरुनानक देव जी का प्रकाश पर्व बड़ी धूम धाम से मनाया जाएगा। श्रीगुरुग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ के समापन के बाद गुरू जी का लगंर भी चलाया जाएगा।

**प्रतिमा स्थापना के दौरान जयकारों से गूंजा पूरा पंडाल**

# नई अनाजमंडी में बाबा श्रीश्याम का मंदिर तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। नई अनाजमंडी में सजा श्रीश्याम का दरबार।

श्रीश्याम खाटू धाम की तर्ज पर नई अनाजमंडी स्थित जनसेवा सदन में बाबा श्रीश्याम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो गया है। ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन और अनाजमंडी के श्रद्धालुओं के सक्रिय सहयोग से निर्मित मनोहारी मंदिर में सोमवार को बाबा श्याम की प्रतिमा की स्थापना का विशेष धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। आयोजन क्षेत्र के श्याम भक्तों के लिए एक बड़ा उत्सव लेकर आया। पुजारी ने संपूर्ण विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच बाबा श्रीश्याम की दिव्य प्रतिमा को स्थापित करवाया।

**जनसेवा एवं भक्ति दोनों का पावन संगम बनेगा जनसेवा सदन में बना खाटू श्रीश्याम मंदिर: विधायक**

उन्होंने धार्मिक जयकारों के साथ पावन अवसर का स्वागत किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि विधायक घनश्यामदास सर्राफ एवं मार्केट कमेटी सचिव विरेंद्र सिंह ढुल ने शिरकत की तथा अध्यक्षता ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के प्रधान नरेश बंसल भुरू ने की। उन्होंने कहा कि यह हमारे और पूरे अनाज मंडी परिवार के लिए अत्यंत गौरव और सौभाग्य का क्षण है। बाबा श्रीश्याम के प्रति हमारी गहरी आस्था है और ये मंदिर उसी आस्था का साकार रूप है। मंदिर भिवानी शहर के श्रीश्याम प्रेमियों के लिए आस्था का नया केंद्र बनेगा, ये प्रयास किया गया है कि मंदिर की भव्यता एवं संरचना श्रीश्याम खाटू धाम की तर्ज पर हो, ताकि हर भक्त वहीं श्रद्धा एवं शांति का अनुभव कर सके। विधायक विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि भिवानी को देश भर में छोटी काशी के नाम से जाना जाता है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने नवंबर माह का जागरूकता शिविरों का जारी किया शैड्यूल

- डीएलएस ने जागरूकता शिविरों के माध्यम से श्रमिकों को किया जाएगा जागरूक
- जागरूकता शिविरों के माध्यम से श्रमिकों को उनके सुरक्षा एवं अधिकार बारे दी जाएगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

**इन स्थानों पर लगाए जाएंगे श्रमिक जागरूकता शिविर**

चार नवंबर को सेक्टर-13 के नजदीक भगत सिंह चौक व चिनार टैक्स टाइल, छह नवंबर को हनुमान ढाणी चौक व राम चौक, 11 को कृष्णा कॉलोनी व धर्मेश टेक्सटाइल, 14 को गांव कितलाना व उसके आस-पास के ईट व मनरेगा साइट, 17 को जयभगवान ईट भट्ठा व रोहतक रोड़ के आस-पास के ईट भट्ठा व बामला गांव की मनरेगा साइट, 19 को गांव मानेहरू व उसके आस-पास के ईट भट्ठा, 21 को जीबीटीएल लिमिटेड भिवानी व डीसी कॉलोनी, 24 को टीआईटी के विपरीत ग्वार फैक्ट्री व भिवानी का इंडस्ट्रियल एरिया, 26 को सीबीएलयू निर्माण स्थल प्रेमनगर और 28 नवंबर को जीता खेड़ी व मिल्कपुर के आस-पास के ईट भट्ठा पर श्रमिकों को जागरूक किया जाएगा।

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार श्रमिक सुरक्षा अभियान के तहत नवंबर माह में विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे। जागरूकता शिविरों में आम जनता, मजदूरों, ठेकेदारों और श्रमिकों को जागरूक किया जाएगा। अभियान के दौरान श्रमिकों को उनकी सुरक्षा एवं अधिकार, सरकारी की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बारे जागरूक किया जाएगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम पवन कुमार ने ये जानकारी देते हुए बताया कि नंवबर माह में विशेष कर श्रमिकों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जाएगा, इसके लिए शैड्यल तैयार कर संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश दिए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि अभियान का उद्देश्य श्रमिकों को श्रम कानूनों और निष्पक्ष व्यवहार के संबंध में नियोक्ताओं के बीच जागरूकता बढ़ाना है। इसके अलावा ई-श्रम और अन्य श्रम कल्याण योजनाओं के अंतर्गत पंजीकरण को बढ़ावा देना, समग्र श्रमिक कल्याण के लिए डीएलएसए, सरकारी विभागों और एनओएस के बीच समन्वय को मजबूत करना, डिजिटल सुरक्षा, साइबर अपराध और नालसा हेल्पलाइन (15100) के बारे में श्रमिकों को संवेदनशील बनाना, नालसा की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि बुनियादी श्रम अधिकार, न्यूनतम मजदूरी कानून और सामाजिक सुरक्षा लाभ, कार्यस्थल दुर्घटना या चोट क्षतिपूर्ति दावे, बाल श्रम, बंधुआ मजदूरी और कार्यस्थल पर उत्पीड़न की रोकथाम, निःशुल्क कानूनी सहायता और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धता, श्रमिक वेतन, छंटनी, कार्यस्थल सुरक्षा, लैंगिक समानता और महिला श्रमिकों के लिए सुरक्षित कार्य स्थितियों, उत्पीड़न या लाभों से इनकार से संबंधित विवादों के लिए मुफ्त कानूनी सहायता कैसे प्राप्त कर सकते हैं।

### राहवीर योजना में मददगार को मिलेगा 25 हजार का ईनाम

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डा मुनीश नागपाल ने बताया कि केंद्र सरकार की राहवीर योजना को मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने हरियाणा में लागू कर दिया है। घायल व्यक्ति को गोल्डन हावर यानी एक घंटे के भीतर अस्पताल पहुंचाने वाले मददगार को 25 हजार रुपये इनाम दिया जाएगा। योजना का मुख्य उद्देश्य हादसे के दौरान घायल हुए इंसान को समय पर मदद करने के लिए आमजन को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि मोटर वाहन अधिनियम 2019 की धारा 134-ए और भारत सरकार की 29 सितंबर 2020 की अधिसूचना के तहत राहवीर को कानूनी संरक्षण भी मिलेगा। सड़क दुर्घटना में घायल की मदद करने वाले को सात दिन के अंदर 25 हजार रुपये इनाम और प्रशस्ति-पत्र दिया जाएगा।

# जनहितैषी फैसलों से जनता को राहत : चावला

- दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना व ऑनलाइन रजिस्ट्री के फैसले सुशासन संकल्प का हिस्सा : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



विनोद चावला।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में हरियाणा की भाजपा सरकार द्वारा हाल ही में लिए जनहितैषी फैसलों ने आमजन को बड़ी राहत पहुंचाई है। विशेष रूप से दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना और पेपरलेस स्टांप व ऑनलाइन रजिस्ट्री की शुरुआत को लेकर भाजपा नेताओं और जनता में उत्साह का माहौल है। इसी कड़ी में भाजपा के जिला प्रवक्ता विनोद चावला ने केंद्र और प्रदेश सरकार की जमकर प्रशंसा की है, ये योजनाएं और सुधार, सुशासन और महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। विनोद चावला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सबका साथ-सबका विकास के मंत्र को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा में चरितार्थ किया है। दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत एक लाख रूपये से कम वार्षिक आय वाले परिवारों की 23 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को हर महीने 2100 की आर्थिक सहायता सीधे उनके खाते में मिल रही है। चावला ने पेपरलेस स्टांप और ऑनलाइन रजिस्ट्री प्रणाली की शुरुआत की भी सराहना की।

# नशामुक्ति व यूथ जागरूकता के लिए कलिंगा में निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। नशा मुक्ति एवं जागरूकता यात्रा को रवाना करते अतिथि।

वंदे मातरम यूथ ब्रिगेड वेलफेयर सोसायटी की ओर से कलिंगा गांव में पर्यावरण संरक्षण व युवाओं को नशे से दूर रहने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से साइकिलिंग एवं रनिंग यात्रा का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत पीएनबी मैनेजर प्रदीप ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। पीएनबी मैनेजर प्रदीप ने ब्रिगेड ने कहा कि यह संगठन जमीनी स्तर पर समाज निर्माण का सराहनीय कार्य कर रहा है।कार्यक्रम की अध्यक्षता अजीत सिंह ने की। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम यूथ ब्रिगेड समाज में रचनात्मक वातावरण निर्मित करने और युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का कार्य कर रही है। यह संगठन जन-जागरूकता का मंच होने के साथ युवाओं को सामाजिक कार्यों से जोडऩे में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यूथ ब्रिगेड के संयोजक प्रोफेसर मदनसिंह नवोदय ने बताया कि वंदे मातरम यूथ ब्रिगेड विभिन्न यूथ क्लबों के माध्यम से विचारों का आदान-प्रदान, सामाजिक जागरूकता और संवाद की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में लगातार कार्यरत है। उन्होंने कलिंगा के ग्रामीणों से आह्वान किया कि अपने बच्चों को रचनात्मक कार्यों के जोड़ें व नशामुक्ति को जीवन मूल्यों में शामिल करें।

# डीईओ ने गुरु तेग बहादुर के जीवन बलिदान एवं शिक्षाओं पर डाला प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. निर्मल दहिया के निर्देशन में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में श्रीगुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा किया गया। विद्यालय प्राचार्या डॉ. सविता घणघस के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल गौड़ और जिला विज्ञान विशेषज्ञ रोहित इंदोरिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिले भर के कक्षा नवमी से 12वीं के बच्चों ने निबंध प्रतियोगिता और कहानी सुनाओ प्रतियोगिता में भाग लिया। डीईओ डॉ. निर्मल दहिया ने गुरु तेग बहादुर जी के जीवन, बलिदान और शिक्षाओं के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। निबंध प्रतियोगिता और कहानी सुनाओ प्रतियोगिता में कक्षा 10वीं से जीव्या, कक्षा 11वीं से नैना व कक्षा 9वीं से इशिका और दीपक ने अपनी प्रस्तुतियों से प्रभावित किया।

**श्रीगुरू तेग बहादुर की 350वीं शहीदी दिवस पर भव्य आयोजन**

### किया सम्मानित

हिंदी, संस्कृत, पंजाबी और अंग्रेजी चारों भाषाओं में गुरु तेग बहादुर के जीवन चरित्र को बखूबी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या सविता घणघस ने सभी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रवक्ता राकेश रोहिल्ला, दीवान सिंह, अनिल अरोड़ा, जितेंद्र शास्त्री, संजय सैनी, सीमा बजाज, अनीता रानी, अनीता पंजाबी, आलोक और हिमांशु का प्रमुख योगदान रहा।

# बवानीखेड़ा में जनस्वास्थ्य विभाग के चीफ इंजीनियर ने किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा



भिवानी। बवानी खेड़ा में पीने के पानी व सीवरेज व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधिकारीगण।

बवानी खेड़ा में अनेक स्थानों पर पीने के पानी की समस्या है तो कहीं सीवरेज व्यवस्था की अव्यवस्था किसी से छिपी नहीं है। लोग चाहकर भी कुछ नहीं कर पा रहे हैं। इसी समस्या के समाधान को लेकर शहरवासियों को स्वच्छ पेयजल आपूर्ति और बेहतर सीवरेज व्यवस्था उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से सोमवार को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के चीफ इंजीनियर जसवंत सिंह ने उच्च अधिकारियों के साथ बवानीखेड़ा का दौरा किया। उनके साथ अधीक्षक अभियंता परिमंडल भिवानी सुनील रंगा, कार्यकारी अभियंता तोशाम विकास धनखड़ और उपमंडल अभियंता जयसिंह सहित नपा अध्यक्ष सुन्दर अत्री भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने शहर में चल रही पेयजल आपूर्ति व्यवस्था, ट्यूबवेलों की स्थिति और सीवरेज नेटवर्क का जायजा लिया। चीफ इंजीनियर जसवंत सिंह ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शहरवासियों को रोजाना स्वच्छ और पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

**शहरवासियों को स्वच्छ जल व बेहतर सीवरेज सुविधाएं उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता: अत्री**

### पांच तक होंगे जिला युवा महोत्सव के लिए आवेदन, 6-7 को आयोजन

**चरखी दादरी।** आगामी 6 व 7 नवंबर को जनता महाविद्यालय के सभागार में जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस युवा महोत्सव में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी 5 नवंबर तक आईटीआई में जाकर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। युवा महोत्सव संबंधी जानकारी के लिए आईटीआई रावलधी में हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया है, जो 5 नवंबर तक कार्य करेगा। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से वित्त वर्ष 2025-26 में स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 12 से 16 जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय युवा महोत्सव बनाने का फैसला किया है। इसके तहत युवा महोत्सव कार्यक्रम जिला स्तर पर 6 व 7 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। युवा महोत्सव में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी जिला के स्थाई निवासी हों व प्रतिभागी की 15 से 29 वर्ष के बीच होनी आवश्यक है।

### पेंशनभोगी जमा करवाएं जीवन प्रमाण पत्र

**चरखी दादरी।** उप खजाना कार्यालयों से पेंशन प्राप्त करने वाले सभी पेंशनभोगी 3 नवम्बर से अपना जीवन प्रमाण पत्र संबंधित खजाना कार्यालय, सीएससी सेंटर या ऑनलाइन माध्यम से जमा करवा सकते हैं।खजाना अधिकारी मंजू ने बताया कि ऑनलाइन प्रमाण पत्र स्मार्टफोन के जरिए भी बनाया जा सकता है। यह प्रक्रिया पूरी तरह निशुल्क है किसी भी प्रकार की कोई फीस नहीं है। उन्होंने बताया कि परिवार का कोई भी सदस्य अपने मोबाइल से यह कार्य कर सकता है। इसके लिए जीवन प्रमाण फेस ऐप तथा आधार फेस आरडी ऐप दोनों सॉफ्टवेयर प्ले स्टोर से इंस्टॉल करने होंगे। इसके बाद किसी भी पेंशनर का जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन जमा किया जा सकता है।

**विवाह उत्सव में पर्यावरण संरक्षण एवं सड़क सुरक्षा का दिया संदेश**

# नशा नाश की जड़, पीकर न चलाएं गाड़ी, नियमों का करें पालन

**मेहमानों ने राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री अवार्डी लक्ष्मण गौड़ को बेटे की शादी की दी बधाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री अवार्डी लक्ष्मण गौड़ को बेटे की शादी में उपहार स्वरूप पौधा भेंट करते विधायक घनश्यामदास सर्राफ, अशोक भारद्वाज व अन्य। फोटो : हरिभूमि

नेताजी सुभाषचंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति एवं सदाचारी शिक्षा समिति ने देवउठनी एकादशी पर शुरू हुए शुभ लग्न विवाह उत्सव में पर्यावरण संरक्षण एवं सड़क सुरक्षा नियमों की पालना के प्रति जागरूक किया। समिति के सदस्यों ने मेहमानों, दूल्हा-दुल्हन व उनके परिवार को पौधें भेंटकर सम्मान दिया। गौरतलब है कि देव उठानी एकादशी पर नेता, अधिकारी, चिकित्सक, मीडिया व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि हर कोई व्यस्त नजर आए, यहीं समिति के अध्यक्ष एवं राष्ट्रपति अवार्डी अशोक कुमार भारद्वाज ने हर घर हरियाली थीम 2025 एवं सड़क सुरक्षा अभियान की ब्रांड एंबेसडर आरोही व नव्या भारद्वाज और अंजू शर्मा ने ये उत्सव अनूठे अंदाज में मनाया। इस दौरान भिवानी के विधायक घनश्यामदास सर्राफ, भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मवीर सिंह के पुत्र मोहित चौधरी, नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह, डीईओ निर्मल दहिया, एसई आयोग के उपाध्यक्ष बिजेंद्र बड़गुजर, बीईओ डॉ. अनिल गौड़, प्राचार्या सीमा कुमारी, सुरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सैनी, पीटीआई मोतीलाल जांगड़ा, पीटीआई अनिल सैनी, विजय शास्त्री, सुमन शर्मा, टीआईटीएस निदेशक डॉ. बीके बहरा, पार्षद सुभाष तंवर, डॉ. कपिल शर्मा, डॉ. डीपी कौशिक, डॉ. प्रोमिला सुहाग, लक्ष्मण गौड़, अंजु भारद्वाज, सरिता गौड़, प्रशांत गौड़, वधू पक्ष से हरिओम शर्मा उमरावत, ओमवती देवी आदि उपस्थित रहे। विधायक सर्राफ, मोहित चौधरी व डीईओ डॉ. निर्मल ने कहा कि समिति पदाधिकारियों ने अनोखी पहल की है और समय समय पर ऐसे संदेश समिति द्वारा दिए जाते रहे, ये सराहनीय कदम है। विधायक सर्राफ व भारद्वाज ने कहा कि विवाह शादियों के दौरान व्यक्ति किसी प्रकार का नशा करके या नींद में गाड़ी न चलाएं, सभी लोग सड़क नियमों का पूर्णता से पालन करें।

### निदेशक ने जताया सभी का आभार

अभियान में स्कूल निदेशक सावित्री यादव, ईको क्लब जिला कॉर्डिनेटर कमल शर्मा, स्वास्थ्य विभाग से सेवाकर्मी सुभाष यादव शामिल रहे। समिति पदाधिकारियों ने कोंट रोड निजी गार्डन में देवउठनी एकादश के दिन राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री अवार्डी लक्ष्मण गौड़ के पुत्र राहुल गौड़ के विवाह उत्सव में सभी को पर्यावरण संरक्षण एवं सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। सभी अतिथियों ने वर राहुल गौड़ व वधु रजनी को आशीर्वाद दिया और राहुल के माता पिता लक्ष्मण गौड़ व सरिता गौड़ को बेटे की शादी की बधाई दी।